# कार्यालय, उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद।

## आदेश–पत्रक

**(देखे अभिलेख हस्तक, 1941 का विषय 129)**

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07.10.2025<br>को 4:45 बजे<br>अपराह्न | **<u>आदेश</u>**<br><br>**<u>अभिलेख उपस्थापित।</u>**<br><br>**नवगठित जम्होर नगर पंचायत के प्रारूप का प्रकाशन हो गया है।**<br><br>दिनांक–25/09/2025 को समय–4:45 में **श्री अयोध्या कुमार, ग्राम–रघुनाथपुर, पो0+थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद, बिहार** से आपति प्राप्त हुआ। आपति निम्नवत् है–<br>**इस संबंध मे इनके इनके द्वारा कहा गया है, "सरसौली टोला ग्राम रघुनाथपुर का निवासी है, हमलोग परिसीमन के हिसाब से आने वाला भविष्य में हमलोगों का विकास में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। दिक्कत का सामना यह करना पड़ सकता है कि जो पिरसीमन में वार्ड नं0 04 में जनसंख्या जोडा गया है, थाना रोड़ के तरफ से उसमें भविष्य में विकास हाने वाले नहीं है, भविष्य हमारे गाँव की तरफ आ रहे है। मोर डेहरी से स्टेशन पार्किंग तक जो रोड़ है, जनसंख्या इधर ही बढ़ेगा, इस वार्ड नम्बर का परिसीमन बदला जाए।"**<br>इस संर्दभ में आपति के जॉच हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं अंचल अधिकारी, औरंगाबाद के द्वारा पत्रांक–3912, दिनांक–01/10/2025 से, तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, ओबराएवं अंचलाधिकार, ओबरा के द्वारा अपने पत्रांक–827, दिनांक–06/10/2025 से संयुक्त जॉच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, **जिसमें स्पष्ट था कि राजस्व ग्राम सरसौली अन्तर्गत ग्राम–रघुनाथपुर जो भौगोलिक रूप से रेलवे लाईन के दक्षिण में पडता है, एवं जम्होर नगर पंचायत के प्रस्तावित वार्ड संख्या–04 के नजदीक है, साथ ही रघुनाथपुर की कुल जनसंख्या 2011 के अनुसार 541 है। राज्य निर्वाचन बिहार के पत्रांक–न0नि0–50–07/2025, 3592/दिनांक–02.09.2025 के कंडिका–03 के अनुसार मानक जनसंख्या–731 से 1731 निर्धारित है। ग्राम रघुनाथपुर को एक अलग वार्ड के रूप में प्रस्तावित नहीं किया जा सकता एवं भौगोलिक रूप से राजस्व ग्राम–सरसौली के किसी अन्य प्रस्तावित वार्ड में भी शामिल नही किया जा सकता है।**<br><br>कार्यालय के पत्रांक–336, दिनांक–06/10/2025 से नोटिस जारी कर दिनांक–07/10/2025 को सुनवाई हेतु आपतिकर्त्ता को बुलाया गया। सुनवाई के दौरान आपतिकर्त्ता द्वारा अपने किये गये आपति के आलोक में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नही किया गया।<br><br>**<u>अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अंतिम आदेश निम्नवत् है–</u>**<br><br>उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद के द्वारा आदेश दिया गया की अंलाधिकारी, औरंगाबाद/ओबरा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, | |

औरंगबाद/ओबरा से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में **ग्राम–रघुनाथपुर को एक अलग वार्ड के रूप में प्रस्तावित नहीं किया जा सकता एवं भौगोलिक रूप से राजस्व ग्राम–सरसौली के किसी अन्य प्रस्तावित वार्ड में भी शामिल नही किया जा सकता है।** ग्राम–रघुनाथपुर को नवगठित नगर पंचायत, जम्होर के वार्ड–4 में शामिल किया गया है। वार्ड न0–4 के परिसीमन में कोई बदलाव की आवश्यकता नही है।

उप विकास आयुक्त,
औरंगाबाद

उप विकास आयुक्त,
औरंगाबाद।

ज्ञापांक–368/गो0वि0, दिनांक– 7/10/2025

प्रतिलिपि– श्री अयोध्या कुमार, ग्राम–रघुनाथपुर, पो0+थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–, नवगठित जम्होर नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) के परिसीमन एवं गठन हेतु गठित कमिटि के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

उप विकास आयुक्त,
औरंगाबाद

उप विकास आयुक्त,
औरंगाबाद।

29/10/2025

# State Election Commission, Bihar

## Samadhan

Pending

Complaint Details

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Complaint Number** | ND202510231919499 | **District** | औरंगाबाद |
| **Complaint Mode** | ऑनलाइन | **Subdivision Name** | औरंगाबाद |
| **Complaint Source** | ऑनलाइन | **Nagarpalika Name** | नगर पंचायत जम्होर |
| **Information Type** | सुझाव | **Ward** | 4 |
| **Complaint Type** | परिसीमन | **Name Of Complainant** | AYODHYA KUMAR |
| **Nature Of Complaint** | नवगठित | | |
| **Description Of Complaint** | सेवा में राज्य चुनाव आयोग , जिला अधिकारी ,कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत जम्होर विषय:- अलग वार्ड परिसीमन बनाने के संबंध में महाशय प्रयुक्त विषय प्रासंगिक पत्र के आलोक में नवगठित जम्होर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 के परिसीमन एवं गठन के संबंध में एक छोटा सा बिनती है कि, सरसौली टोला ग्राम रघुनाथपुर का निवासी हैं हम लोग गाँव नगर पंचायत जम्होर परिसीमन वार्ड नंबर 4 में जो दिखाया गया है परिसीमन के हिसाब से वार् | | |
| **Letter Date** | 23/10/2025 | **Document Of Complaint** | View |
| **Date** | 23/10/2025 19:19:53 | **Phase** | नगरपालिका उप निर्वाचन - 2025_P1 |
| **Assigned To** | **औरंगाबाद** | | |

सेवा

में

राज्य चुनाव आयोग , जिला अधिकारी ,कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत जम्होर

विषय:- अलग वार्ड परिसीमन बनाने के संबंध में

महाशय

प्रयुक्त विषय प्रासंगिक पत्र के आलोक में नवगठित जम्होर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 के परिसीमन एवं गठन के संबंध में एक छोटा सा बिनती है कि, सरसौली टोला ग्राम रघुनाथपुर का निवासी हैं हम लोग गाँव नगर पंचायत जम्होर परिसीमन वार्ड नंबर 4 में जो दिखाया गया है परिसीमन के हिसाब से वार्ड नंबर 4 , 2 वार्ड को जोड़ा कर एक वार्ड का निर्माण कराया गया हैं परन्तु हमारे गावं से दूसरे वार्ड से 1 किलोमीटर के दुरी पर हैं, हमरे वार्ड का समस्या कुछ और हैं उनके वार्ड का समस्या कुछ और हैं हमारे वार्ड के 90% लोग कृषि पर निर्भर हैं और शेष 10% अपने व्यवसाय या नौकरी पर निर्भर हैं और दूसरे वार्ड (जम्होर ) का वार्ड साफ सफाई ,नली गली , लाइट और रोड की ,पार्किंग की आवश्यकता है जम्होर वार्ड के लोग 75 % व्यवसाय और 25 % श्रमिकों लोग हैं हमरे वार्ड का समस्या अलग हैं और उनके वॉर्ड का समस्या अलगा हैं इसी कारण हमलीग अलग अवार्ड का मांग कर रहे हैं

हमारे वार्ड की समस्या निम्नलिखित में जैसे में.......................

* वार्ड का साफ सफाई , नली गली, लाइट रोड , कृषि से संबंधित जल संचयन और सूक्ष्मदर्शी सीलन के माध्यम से वर्षा जल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना. कृषि को बढ़ावा, लघु और सीमांत किसानों को आय में बढ़ाव देने का उपाय , बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए, बागवानी फसलों के विस्तार पर केंद्रित ,औषधीय पौधों की खेती के लिए, कृषि यंत्रों की खरीद, फलों और सब्जियों छत पर बागवानी के लिए , वर्षा का पानी संचय करना करने के लिए इत्यादि.......

हमारे गावँ के भविष्य में सोच बिचार करने से अच्छा है आज ही विचार किया जाए, हमारे गाँव सभी मानक पूरा करें रहे हैं एक छोड़ कर , वो जनसँख्या हैं 2011 के अनुसार से हम लोग मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं इसे हमलोग आने वाले समय में इसे पूरा करने में 1 या 2 साल का समय लगेगा।

* अभी हमरे गावं का जनसँख्या इस प्रकार हैं

| 22/10/2025 तक रघुनाथपुर की जनसंख्या | | | |
|---|---|---|---|
| पुरुष 18+ | महिला 18+ | बच्चे -बच्चिया 1-17 | कुल |
| 289 | 268 | 260 | 817 |

अंतः राज्य चुनाव आयोग , जिला अधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत जम्होर, से कहना चाहते हैं कि इस विषय पर अवलोकन किया जाए , जिससे हमारे वार्ड के परिसीमन और वार्ड अलग कर दिए जाए, वार्ड नंबर 4 में भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो,

अयोध्या कुमार-9504529850,8340398183

Ayodhya Kumar




रघुनाथपुर गाँव का नक्शा.
कला अयोध्या कुमार 9504529850